आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 14.09.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

- केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह नई दिल्ली में राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के एंटी–नार्कोटिक्स टास्क फोर्स प्रमुखों के दूसरे राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे।
- उपराज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने हिन्दी दिवस के अवसर पर सभी द्वीपवासियों को शुभकामनाएं दी है।
- प्रशासन के सभी कार्यालयों और शिक्षा संस्थानों में आज से मनाया जाएगा हिन्दी पखवाड़ा।
- अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में सत्रह सितम्बर से स्वस्थ नारी–सशक्त परिवार अभियान की शुरूआत की जाएगी।

<><><><><><><>

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह 16 सितंबर, को नई दिल्ली में राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों के एंटी–नार्कोटिक्स टास्क फोर्स प्रमुखों के दूसरे राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर श्री अमित शाह नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की वार्षिक रिपोर्ट–2024 जारी करेंगे और ऑनलाइन ड्रग विनष्टीकरण अभियान की शुरुआत करेंगे। 16 और 17 सितंबर को आयोजित होने वाले इस सम्मेलन में 36 राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों के एंटी–नार्कोटिक्स टास्क फोर्स प्रमुखों के साथ–साथ अन्य सरकारी विभागों के हितधारक भाग लेंगे। यह सम्मेलन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नशा–मुक्त भारत के संकल्प को मजबूत करने और इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए एक रोडमैप तैयार करने के लिए एक रणनीतिक मंच प्रदान करेगा। नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो द्वारा आयोजित इस सम्मेलन का विषय "संयुक्त संकल्प, साझा जिम्मेदारी" है। सम्मेलन में मादक पदार्थों की आपूर्ति, मांग और नुकसान कम करने सहित विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा के साथ ही उनके राष्ट्रीय सुरक्षा और देश में मादक पदार्थों के कानून प्रवर्तन को मजबूत करने के लिए उठाए जाने वाले कदमों पर भी विचार किया जाएगा। मोदी सरकार ने नशीले पदार्थों के विरुद्ध "ज़ीरो टॉलरेंस" नीति अपनाई है।

केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने 2021 में सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को एक समर्पित एंटी–नारकोटिक्स टास्क फोर्स गठित करने का निर्देश दिया था।

<><><><><><><>

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के सचिव संजय जाजू ने क्षेत्रीय और स्थानीय सामग्री और राजस्व सृजन के उद्देश्य से दूरदर्शन और आकाशवाणी केंद्रों के साथ स्थानीय कलाकारों और सामग्री निर्माताओं को जोड़ने पर जोर दिया। आकाशवाणी लखनऊ कार्यालय में मंत्रालय की विभिन्न मीडिया इकाइयों के कार्यों की समीक्षा के दौरान श्री जाजू ने कहा कि सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की इकाइयां सरकार का चेहरा हैं क्योंकि वे न केवल आम नागरिक से जुड़ती हैं बल्कि देश के दूर–दराज के क्षेत्रों में भी उनकी गहरी उपस्थिति है। इकाइयों के प्रदर्शन के नियमित विश्लेषण पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि मंत्रालय देश में दूरदर्शन और आकाशवाणी केंद्रों को लाभ केंद्र के रूप में बदलने का प्रयास कर रहा है और यह प्रक्रिया विभिन्न इकाइयों के क्षेत्रीय प्रभारियों को अधिकार सौंपने के साथ शुरू हो गई है। वेव्स ओटीटी प्लेटफॉर्म की नई विशेषताओं के बारे में बात करते हुए श्री जाजू ने कहा कि बहुत जल्द वेव्स में वीडियो अपलोडिंग सेक्शन के साथ कई नई सुविधाएं जोड़ी जाएंगी।

<><><><><><><>

द्वीपों के उपराज्याल एवं द्वीप विकास एंजेसी के उपाध्यक्ष एडमिरल डी के जोशी ने हिन्दी दिवस के शुभ अवसर पर सभी द्वीपवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी है। अपने संदेश में उन्होंने कहा कि चौदह सितम्बर उन्नीस सौ उनचास को आज ही के दिन संविधान सभा ने देवनागरी लिपि में लिखी जाने वाली हिन्दी को भारतीय संघ की राजभाषा के रूप में स्वीकारा था और तब से इस दिन को हिन्दी दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा हिन्दी भाषा राष्ट्रीय पहचान और एकता की मजबूत कड़ी के रूप में विशेष भूमिका निभाती आ रही है। द्वीपसमूह में स्वतंत्रता सग्राम से लेकर आज तक सम्पर्क भाषा के रूप में हिन्दी ने महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इस अवसर पर उपराज्यपाल ने कहा कि हमारे संविधान में हिन्दी को जो गरिमा प्रदान की गई है। उसका सम्मान करते हुए हिन्दी की विकास में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करें। साथ ही प्रशासन के अधिकारियों और कर्मचारियों से अपील की है कि अपना अधिक से अधिक सरकारी काम काज हिन्दी में करने का प्रयास करें।

<><><><><><><>

प्रशासन के सभी कार्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों में आज से अटठाईस सितंबर, तक 'हिंदी पखवाड़ा मनाया जाएगा। इस आयोजन के तहत, प्रशासन के अधिकारियों, कर्मचारियों, केंद्र सरकार के कार्यालयों और स्कूली छात्रों के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कक्षा छठी से दसवीं में पढ़ने वाले तमिल, तेलुगु और बांग्ला माध्यम के छात्रों के लिए कल हिंदी निबंध प्रतियोगिताएँ आयोजित की जाएँगी। राजभाषा समिति के सदस्य संस्थानों के लिए हिंदी टंकण प्रतियोगिता सत्रह सितम्बर और राजभाषा समिति के कर्मचारियों के लिए हिंदी लेखन प्रतियोगिता अटठारह सितम्बर को राजभाषा विभाग, सचिवालय में आयोजित की जाएगी। प्रशासन और राजभाषा समिति के कर्मचारियों के लिए हिंदी टिप्पण और प्रारूपण प्रतियोगिता उन्नीस सितम्बर को टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय में आयोजित की जाएगी। प्रशासन के राजपत्रित अधिकारियों के लिए हिंदी टिप्पण लेखन प्रतियोगिता बाईस सितम्बर को आयोजित किया जाएगा। वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों के कक्षा नवीं और दसवीं में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के लिए भाषण प्रतियोगिता तेइस सितम्बर, कक्षा ग्यारहवीं और बारहवीं के विद्यार्थियों के लिए भाषण प्रतियोगिता चौबीस सितम्बर और कॉलेज के विद्यार्थियों के लिए स्वरचित काव्य पाठ प्रतियोगिता पच्चीस सितम्बर को राजभाषा विभाग, सचिवालय में आयोजित की जाएगी। छब्बीस सितम्बर को प्रशासन के विभिन्न कार्यालयों के नोडल अधिकारियों और संबंधित कर्मचारियों के लिए सचिवालय के सम्मेलन कक्ष में एक हिंदी कार्यशाला आयोजित की जाएगी।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति, कलकत्ता उच्च न्यायालय की सर्किट पीठ, पोर्ट ब्लेयर ने अंडमान निकोबार राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सहयोग से कल सर्किट बेंच परिसर में तीसरी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कलकत्ता उच्च न्यायालय की न्यायाधीश एवं विधिक सेवा समिति की अध्यक्ष न्यायमूर्ति शम्पा सरकार, ने वीडियों कॉनफ्रेंसिंग के माध्यम से पीठ की अध्यक्षता की। अदालत में कुल ग्यारह मामलों पर सुनवाई की गई , जिनमें से दो मामलों का राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा निपटारा किया गया।

<><><><><><><>

देश के अन्य राज्यों के साथ द्वीपों में भी स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान चलाया जाएगा। 17 सितंबर से 2 अक्टूबर, तक चलने वाले इस अभियान में महिलाओं के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण को मजबूती प्रदान करने के लिए स्वास्थ्य संबंधी गतिविधियां आयोजित की जाएगी।

इस अभियान के तहत, पूरे द्वीपसमूह में विशेष स्वास्थ्य शिविरों के आयोजन किए जाएंगे, जिनमें विशेषज्ञ परामर्श, स्वास्थ्य जांच और व्यक्तिगत स्वच्छता जागरूकता सत्र शामिल होंगे। इसके अलावा, पोषण और स्वस्थ प्रणाली पर आईईसी सामग्री प्रदर्शित की जाएगी। स्वास्थ्य अधिकारियों ने जनता से अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्रों में पंजीकरण कराने और निशुल्क सेवाओं का लाभ उठाने की अपील की है। इस अभियान के तहत, सभी आंगनवाड़ी केंद्रों पर पोषण माह भी मनाया जाएगा।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह के एनसीसी कैडेटों ने कर्नल पंकज मोदगिल को भावभीनी विदाई दी, जिन्होंने अपने स्थानांतरण के बाद स्वतंत्र इन्फेंट्री कंपनी एनसीसी के कमांडिंग ऑफिसर का पदभार त्याग दिया और यह जिम्मेदारी कर्नल कंवर युद्धेश्वर सिंह को सौंप दी। अपने तीन साल के कार्यकाल के दौरान, कर्नल पंकज मोदगिल ने प्रेरक नेतृत्व प्रदान किया जिससे द्वीपसमूह में एनसीसी प्रशिक्षण और गतिविधियों के मानकों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। विदाई और कमान ग्रहण समारोह में एएनओ, पीआई स्टाफ, नागरिक स्टाफ और एनसीसी की थल और नौसेना दोनों शाखाओं के कैडेटों ने भाग लिया, जिसने नेतृत्व के एक गरिमापूर्ण और व्यवस्थित उत्तराधिकार को चिह्नित किया।

<><><><><><><>

कोलकाता से रवाना हुए जहाज एमवी स्वराज द्वीप के कल सुबह छह बजे तक श्री विजयपुरम पहुँचने की संभावना है। जहाज पर कुल एक सौ दो यात्री, तीन सौ इक्यासी मीट्रिक टन कार्गो और बाईस कंटेनर शामिल हैं। जहाज हैडो जेट्टी पर लगेगा।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम स्थित अंडमान निकोबार शतरंज एसोसिएशन केंद्र में दो दिवसीय शतरंज प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर ग्रैंडमास्टर जे आकाश ने अन्य खिलाड़ियों के साथ मुकाबला किया। इस दौरान द्वीप समूह के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने बढ़–चढ़कर भाग लिया और भारत के दिग्गज शतरंज खिलाड़ी से सीखने का सुनहरा अवसर प्राप्त किया। यह शिविर आज भी जारी रहेगा, जिसमें प्रतिभागियों को रणनीति, योजना और खेल सुधार से संबंधित विशेष मार्गदर्शन दिया जाएगा।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार कबड्डी संघ राज्य ओलंपिक संघ के सहयोग से राज्य ओपन कबड्डी चैंपियनशिप–2025 का आयोजन करेगी। श्री विजयपुरम में पुरुष एवं महिला सीनियर वर्ग के लिए बीस और इक्कीस सितंबर को कबड्डी चैम्पियनशिप का आयोजन किया जाएगा। इच्छुक टीमे उन्नीस सितंबर तक नेताजी स्टेडियम स्थित राज्य ओलंपिक संघ, में अपने नाम दर्ज करा सकते हैं।

**<><><><><><><>**